◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION
UNDER PROCESS
Application No.
T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN
24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

MADHYA PRADESH | नीड 24 न्यूज़ · हर खबर, हर शहर | 22 नवम्बर 2026

धर्म

विधायक डॉ राजेश सोनकर जी, एव भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रायसिंह जी सेंधव, ने नवविवाहित वर-वधुओं को सुखद एवं मंगलमय वैवाहिक जीवन की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।



आज नेवरी फाटा स्थित खाटूश्याम मंदिर सेवा समिति आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन 92 जोड़े का निशुल्क विवाह किया गया

विधायक डॉ राजेश सोनकर जी, एव भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रायसिंह जी सेंधव, ने नवविवाहित वर-वधुओं को सुखद एवं मंगलमय वैवाहिक जीवन की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

समारोह के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि नवदंपतियों का जीवन प्रेम, विश्वास, सुख-समृद्धि और खुशियों से सदैव परिपूर्ण रहे।

इस अवसर पर सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रायसिंह और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह राजपूत उपस्थित रहे और अपने समर्थन एवं आशीर्वाद व्यक्त किए।

रमजान मंसूरी की रिपोर्ट

— Ramjan mansuri

स्वास्थ्य

पल्स पोलियो अभियान की सफलता के लिए ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक आयोजित



22 से 24 नवंबर तक चलेगा पल्स पोलियो अभियान, 5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दो बूंद

पहले दिन बूथों पर 90 से 95 प्रतिशत बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित

खरगोन 21 नवंबर 2026। आगामी 22 नवंबर से प्रारंभ होने वाले पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों एवं सफल क्रियान्वयन को लेकर स्वामी विवेकानंद सभागृह, पुराना कलेक्टर कार्यालय खरगोन में विकासखंड गोगावां एवं ऊन की संयुक्त ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री सत्येंद्र बैरवा ने की। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक श्री बालकृष्ण पाटीदार सहित स्वास्थ्य विभाग एवं विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी गोगावां डॉ. अहमद रजा खान ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान 22 से 24 नवंबर तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई जाएगी। अभियान के प्रथम दिवस 22 नवंबर को निर्धारित पोलियो बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। वहीं 23 एवं 24 नवंबर को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर पहुंचकर बूथ पर दवा पीने से छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी।

बीएमओ गोगावां डॉ. अहमद रजा खान एवं बीएमओ ऊन डॉ. प्रकाश मंडलोई ने बताया कि अभियान के पहले दिन पोलियो बूथों पर लगभग 90 से 95 प्रतिशत बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों से अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार करने की अपील की गई। साथ ही अभिभावकों को जागरूक करने पर जोर दिया गया, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। उपस्थित अधिकारियों ने अभियान की सफलता के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

— Rajkumar Kaithwas

स्थानीय

गांव-गांव तक डिजिटल बैंकिंग का संदेश पहुंचाएगी स्वाधार फिनएक्सेस की मोबाइल वैन



बैंक ऑफ इंडिया के अग्रणी जिला प्रबंधक श्री जैन ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल लेनदेन और साइबर धोखाधड़ी से बचाव के प्रति किया जाएगा जागरूक

खरगोन 21 नवंबर 2026। भारतीय रिजर्व बैंक के वित्तीय समावेशन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार संचालित वित्तीय समावेशन एवं संतृप्तिकरण अभियान के तहत प्रत्येक नागरिक तक वित्तीय सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वाधार फिनएक्सेस द्वारा एक दिवसीय डिजिटल मोबाइल वैन अभियान आयोजित किया गया। बैंक ऑफ इंडिया के अग्रणी जिला प्रबंधक श्री सौरभ कुमार जैन ने हरी झंडी दिखाकर मोबाइल वैन को रवाना किया।

स्वाधार फिनएक्सेस द्वारा संचालित इस मोबाइल वैन के माध्यम से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल लेनदेन, बचत, सरकारी योजनाओं तथा साइबर धोखाधड़ी से बचाव के संबंध में जागरूक किया जाएगा। संस्था का उद्देश्य वित्तीय जानकारी से वंचित ग्रामीण नागरिकों तक सरल भाषा में उपयोगी जानकारी पहुंचाना है, जिससे वे बैंकिंग सेवाओं का सुरक्षित उपयोग कर वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बन सकें।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 21 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक संचालित वित्तीय समावेशन एवं संतृप्तिकरण अभियान के तहत प्रदेश के सभी 55 जिलों में जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। खरगोन जिले के खरगोन, गोगावां और महेश्वर में स्वाधार फिनएक्सेस संस्था द्वारा आरबीआई के उपक्रम मनीवाइज वित्तीय साक्षरता केंद्र (सीएफएल) संचालित किए जा रहे हैं। इन केंद्रों के माध्यम से ग्रामीण समुदायों को वित्तीय साक्षरता का प्रशिक्षण देने, बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने और सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

अभियान का मुख्य उद्देश्य गांवों के प्रत्येक नागरिक तक बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाओं की पहुंच बढ़ाना, बचत के प्रति प्रोत्साहित करना, डिजिटल बैंकिंग के सुरक्षित उपयोग की जानकारी देना तथा पात्र हितग्राहियों को सरकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ दिलाना है।

इस अवसर पर स्वाधार फिनएक्सेस के जिला प्रभारी श्री मनीष सिंह पटेल, सीएफएल खरगोन के प्रशिक्षक श्री सौरभ सेन सहित बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

— Rajkumar Kaithwas

कृषि

धान उपार्जन केन्द्रों में सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश जारी



सरकारी अधिकारियों ने धान उपार्जन केन्द्रों में सुविधाओं की उपलब्धता को सुनिश्चित करने हेतु निर्देश जारी किए। इन निर्देशों का उद्देश्य किसानों को समय पर और सुगमता से धान बेचने की सुविधा प्रदान करना है।

निर्देशों में केन्द्रों के बुनियादी ढाँचे, भंडारण क्षमता, परिवहन साधन और कार्यकुशलता की जाँच-परख को सख्ती से लागू करने का उल्लेख है। संबंधित विभागों को नियमित निरीक्षण और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने का आदेश दिया गया है।

इन उपायों से धान की समय पर खरीद, नुकसान में कमी और किसानों की आय में सुधार की अपेक्षा की जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि सभी केन्द्रों में मानक सुविधाएँ स्थापित करने के बाद ही धान की खरीद प्रक्रिया को सुगम बनाया जाएगा।

अनूपपुर कलेक्टर श्री रत्नाकर झा ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में खरीफ विपणन वर्ष 2026 27 के अंतर्गत जिले में आगामी धन उपार्जन की तैयारी की समीक्षा बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

जिले में 1 दिसंबर 2026 से 20 जनवरी 2026 तक धान उपार्जन किया जाएगा कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उपार्जन प्रारंभ होने के पूर्व सभी केदो पर आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाए जिससे किसानों को अपनी उपज विक्रय करने में किसी प्रकार की अशुद्धि ना हो।

कलेक्टर ने उपार्जन केदो पर किसानों के लिए प्रतीक्षालय बैठने पर जल छाया शौचालय अलावा एवं साफ सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा बारिश से बचाव के लिए तिरपाल जल निकासी विद्युत प्रकाश एवं जनरेटर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

केंटो पर कंप्यूटर प्रिंटर स्केनर लैपटॉप यूपीएस एवं हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्शन सहित आवश्यक तकनीकी संसाधन उपलब्ध करने तथा सीसीटीवी कैमरा को क्रियाशील रखने को कहा।

उन्होंने धान की गुणवत्ता परीक्षण एवं तौल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए नमी मापक यंत्र चलना पंखा एवं ग्रेडिंग मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटों का प्रमाणीकरण करने पर्याप्त वरदानों एवं सिलाई मशीन की व्यवस्था रखने तथा अग्नि सामान यंत्र रेट बाल्टिया एवं प्राथमिक उपचार बॉक्स सहित आवश्यक सुरक्षा संसाधन उपलब्ध कराने को कहा ।

कलेक्टर ने सरवर उपार्जन समिति के सदस्यों एवं कंप्यूटर ऑपरेटर को उपार्जन प्रारंभ होने के पूर्व आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि धान का गुणवत्ता परीक्षण निर्धारित फाक मापदंडों के अनुसार किया जाए तथा सरवर अप के माध्यम से गुणवत्ता संबंधी जानकारी दर्ज की जाए।

खरीदी का विवरण दर्ज करने तथा किसानों एवं परिवहन कर्ताओं के लेनदेन संबंधी विवरण इस दिन अपलोड करने के निर्देश दिए प्लांट बुकिंग की वैधता अवधि साथ कार्य दिवस का पालन सुनिश्चित करने तथा सरवर की नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा उपार्जन कार्य की सतत निगरानी के लिए 24 घंटे कंट्रोल रूम की व्यवस्था करने एवं प्रतिदिन की खरीदी संबंधी जानकारी संकलित करने के निर्देश भी दिए कलेक्टर ने उपार्जन के दौरान एवं उपार्जन पक्ष की जाने वाली प्रक्रियाओं की कार्य योजना तैयार करने वेयरहाउस एवं भंडार स्थलों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने तथा उपार्जन केदो के नियमित निगरानी के निर्देश दिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को केदो की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर शेष तैयारियां समय सीमा में पूर्ण करने को कहा उन्होंने स्पष्ट किया की धुन पार्जन की पूरी प्रक्रिया में गुणवत्ता पारदर्शिता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि किसानों को अपनी उपज के विक्रय में किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

— Dinkar Kumar Mahara

स्वास्थ्य

गांव-गांव पहुंच रही टीबी मुक्त जनजाति अभियान की टीम



सेगांव ब्लॉक के गंधावड़ में आयोजित हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

ग्रामीणों की हुई टीबी स्क्रीनिंग, छाती का एक्स-रे और बलगम की जांच

जनजातीय क्षेत्रों को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से जिले में संचालित ‘टीबी मुक्त जनजाति अभियान’ के तहत स्वास्थ्य विभाग एवं पिरामल फाउंडेशन की टीम गांव-गांव पहुंचकर ग्रामीणों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर रही है। इसी क्रम में सेगांव ब्लॉक के ग्राम गंधावड़ में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया।

शिविर का शुभारंभ ग्राम पंचायत के उपसरपंच श्री दयाराम पाटीदार ने फीता काटकर किया। उन्होंने स्वयं सबसे पहले अपनी टीबी स्क्रीनिंग कराई और छाती का एक्स-रे करवाकर ग्रामीणों को जांच के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया।

शिविर में ग्रामीणों को निःशुल्क टीबी स्क्रीनिंग, छाती का एक्स-रे एवं बलगम (स्पूतम) जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर में पहुंचकर अपनी स्वास्थ्य जांच कराई।

इस अवसर पर पिरामल फाउंडेशन के ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर श्री सुधांशु कुमार ने बताया कि पिरामल फाउंडेशन की टीम सेगांव ब्लॉक के सभी गांवों तक अभियान पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग कर टीबी की समय पर पहचान करना और उन्हें उचित उपचार उपलब्ध कराना है। यह अभियान सेंट्रल टीबी डिवीजन के समन्वय एवं स्टॉप टीबी पार्टनरशिप के सहयोग से पायलट आधार पर संचालित किया जा रहा है।

कार्यक्रम में सीएचओ श्रीमती संजना पाटीदार, पंचायत सचिव श्री धरम पाटीदार सहित सेगांव ब्लॉक की पिरामल टीम, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने ग्राम को टीबी मुक्त बनाने के लिए अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने और ग्रामीणों को जांच एवं उपचार के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

— Rajkumar Kaithwas

बाइक रैली के साथ न्यायोत्सव 2026 का हुआ समापन



‘सबके लिए न्याय’ का संदेश लेकर शहर के प्रमुख मार्गों से निकली बाइक रैली

निबंध, चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

खरगोन 21 नवंबर 2026। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 14 से 20 नवंबर 2026 तक आयोजित न्यायोत्सव का समापन शुक्रवार को बाइक रैली एवं विधिक जागरूकता प्रदर्शनी के साथ हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को विधिक अधिकारों एवं निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं के प्रति जागरूक करना तथा समाज के प्रत्येक वर्ग तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना रहा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंडलेश्वर के प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष श्री अखिलेश जोशी ने विशेष न्यायाधीश श्री अमित रंजन समाधिया एवं अन्य न्यायाधीशगण की उपस्थिति में जिला न्यायालय परिसर स्थित एडीआर सेंटर से बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश श्री अखिलेश जोशी ने कहा कि बाइक रैली का उद्देश्य समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक ‘सबके लिए न्याय’ का संदेश पहुंचाना है, ताकि प्रत्येक व्यक्ति अपने विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक हो सके और जरूरत पड़ने पर विधिक सहायता प्राप्त कर सके।

बाइक रैली जिला न्यायालय परिसर स्थित एडीआर सेंटर से प्रारंभ होकर अंबेडकर चौराहा, बस स्टैंड पुलिस चौकी, घंटाघर, राम मंदिर, गंगाझीरा, नवलपुरा एवं मेन रोड होते हुए बस स्टैंड मार्ग से वापस न्यायालय परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में पैरालीगल वॉलंटियर्स, महाविद्यालयीन विद्यार्थी, पुलिस, जेल एवं वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, अधिवक्तागण, न्यायिक कर्मचारी और गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

न्यायोत्सव के समापन अवसर पर एडीआर सेंटर, मंडलेश्वर में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (सालसा) की विभिन्न योजनाओं पर आधारित विधिक जागरूकता प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रदर्शनी में योजनाओं से संबंधित पंपलेट रखे गए, जिनका उपस्थितजनों ने अवलोकन किया और विधिक सेवाओं की जानकारी प्राप्त की।

प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया सम्मानित

न्यायोत्सव के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री अखिलेश जोशी ने मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मंडलेश्वर में आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, सांदीपनि एकेडमी, मंडलेश्वर में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता तथा कंवरतारा पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, श्रीनगर कॉलोनी, मंडलेश्वर में आयोजित निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में चतुर्थ जिला न्यायाधीश श्री सुजीत कुमार सिंह, तृतीय जिला न्यायाधीश श्री रवि झारोला, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री प्रीति जैन, जिला रजिस्ट्रार श्री मोहित बड़के, न्यायाधीश सुश्री प्रीतिबाला मुणिया, प्रशासनिक अधिकारी श्री शिरीष महाजन, उप प्रशासनिक अधिकारी श्री वी.पी. तिवारी, श्री साजिद खान, थाना प्रभारी श्री पंकज तिवारी सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रतिनिधि, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता श्री रूपेश शर्मा, सुश्री निशा कौशल, पैरालीगल वॉलंटियर्स एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अपराध

डिंडौरी में हाथियों का आतंक: दो मौतों के बावजूद दहशत जारी, ठाडपाथर में घरों पर तोड़फोड़



मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिले में जंगली हाथियों के लगातार आक्रमण से दो लोगों की मौत हो चुकी है, और ठाडपाथर गांव में घरों पर तोड़फोड़ के साथ दहशत बनी हुई है।

पिछले करीब एक महीने से जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में हाथियों की आवाजाही बनी हुई है, और छत्तीसगढ़ की ओर से हाथियों का एक दल फिर करंजिया क्षेत्र में पहुंच गया है।

ठाडपाथर गांव में हाथियों के दल ने जमकर उत्पात मचाया और ग्रामीणों के घरों में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई है।

वन विभाग को तुरंत सूचना देने और हाथियों के नजदीक जाने या उन्हें भगाने की कोशिश न करने की सलाह दी जा रही है, और ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है।

— Buddhi Prakash Mali

स्वास्थ्य

कलेक्टर ने लहरपुर स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया



कलेक्टर ने लहरपुर में स्थित स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया, यह कदम स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति समझने के लिये उठाया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र की बुनियादी सुविधाओं, उपकरणों और स्टाफ की उपलब्धता का जायजा लिया।

इस निरीक्षण से प्राप्त जानकारी भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार एवं आवश्यक संसाधन आवंटन में उपयोग की जाएगी।

— Dinkar Kumar Mahara

स्थानीय

एमपी के सागर में कंटेनर टक्कर से कार ध्वस्त, चार लोगों की मौत



सागर, मध्य प्रदेश में आज दोपहर एक बड़े कंटेनर ने एक निजी कार से टक्कर मार दी, जिससे कार पूरी तरह ध्वस्त हो गई। टक्कर के परिणामस्वरूप चार लोगों की मृत्यु हो गई और कई अन्य घायल हुए।

घटना स्थल पर मौजूद पुलिस ने तुरंत मौके की जांच शुरू कर दी और मलबे को हटाने के लिए आवश्यक उपाय किए। दुर्घटना के कारणों की पुष्टि के लिये आगे की जांच जारी है।

मृतकों के परिवार ने बताया कि वे नर्मदा नदी में स्नान करने के लिये वरमान की ओर जा रहे थे। इस दुखद घटना ने स्थानीय लोगों में शोक की लहर दौड़ा दी है।

पुलिस ने दुर्घटना से जुड़े सभी वाहन और कंटेनर के दस्तावेज़ एकत्र किए हैं और दुर्घटना के दायरे को स्पष्ट करने के लिये साक्षी व गवाहों से पूछताछ कर रही है।

Sagar Car Accident: मध्य प्रदेश (Madhya Pradesh News) में दिवाली (Diwali 2026) का दिन हादसों के नाम रहा है। सागर में कंटेनर ने कार को टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में 4 की मौत हो गई है। तो वहीं 6 की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार परिवार नर्मदा स्नान (Narmada Snan) के लिए वरमान जा रहा था। हादसे के बाद घायलों को सागर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पूरी घटना देवरी के गोपालपुरा के पास की बताई जा रही है।

मॉडल रोड निर्माण में तेजी लाने के निर्देश, दिन-रात चलेगा काम; सीएमओ ने ठेकेदार को दी सख्त हिदायत



शहडोल। शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इंदिरा चौक से न्यू बस स्टैंड तक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग पर मॉडल रोड का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्य की धीमी गति को लेकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती आशा जितेंद्र भंडारी ने नाराजगी जताते हुए संबंधित ठेकेदार को कार्य में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए हैं।

निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने स्पष्ट कहा कि शहर के इस महत्वपूर्ण मार्ग के निर्माण में किसी भी प्रकार का अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण कार्य दिन और रात दोनों पालियों में लगातार कराया जाए, ताकि निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा हो सके। इसके लिए पर्याप्त श्रमिक, मशीनरी और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने को कहा गया।

धूल-मिट्टी से राहत देने के निर्देश

सीएमओ ने निर्माण स्थल पर नियमित पानी का छिड़काव कराने के निर्देश दिए, ताकि धूल-मिट्टी से स्थानीय दुकानदारों, व्यापारियों और आम नागरिकों को परेशानी न हो। साथ ही सड़क किनारे जमा कचरे को तत्काल हटाने और नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के लिए स्वच्छता शाखा के अधिकारियों को निर्देशित किया

दुकानदारों और नागरिकों की सुनी समस्याएं

निरीक्षण के दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने स्थानीय दुकानदारों एवं नागरिकों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान विद्युत पोलों की स्थिति और उनकी शिफ्टिंग को लेकर शिकायतें सामने आईं। सीएमओ ने संबंधित अधिकारियों को दोबारा स्थल निरीक्षण एवं नाप-जोख कर आवश्यकतानुसार विद्युत पोलों को व्यवस्थित स्थान पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए

उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में आने वाली बाधाओं का आपसी समन्वय से तत्काल निराकरण किया जाए, जिससे निर्माण कार्य प्रभावित न हो और नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े

गुणवत्ता से समझौता नहीं, समय पर पूरा हो निर्माण

सीएमओ श्रीमती आशा जितेंद्र भंडारी ने अधिकारियों एवं ठेकेदार को निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करने और प्रगति की लगातार समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद की प्राथमिकता शहर में बेहतर आधारभूत सुविधाओं का विकास करना है।

— Brijesh Kumar Lodhi

रामपुर बटुरा मेगा प्रोजेक्ट में फिर आंदोलन की आहट! एक सप्ताह का अल्टीमेटम, मांगें पूरी नहीं हुईं तो बंद होगी संपूर्ण खदान



रामपुर बटुरा मेगा प्रोजेक्ट में फिर आंदोलन की आहट! एक सप्ताह का अल्टीमेटम, मांगें पूरी नहीं हुईं तो बंद होगी संपूर्ण खदान

रोजगार, मुआवजा और पुनर्वास की लंबित फाइलों को लेकर भूपेश शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों ने दी चेतावनी, राजस्व महाप्रबंधक बी.के. लाल को बदलने की भी उठी मांग

संवाददाता अखिलेश त्रिपाठी

अंतर्गत संचालित रामपुर बटुरा मेगा प्रोजेक्ट में एक बार फिर आंदोलन के बादल मंडराने लगे हैं। लंबे समय से रोजगार, मुआवजा एवं पुनर्वास की मांग को लेकर परेशान भू-विस्थापित परिवारों का आक्रोश अब बढ़ता जा रहा है। इसी को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता भूपेश शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने परियोजना प्रबंधन को एक सप्ताह का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय में समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो संपूर्ण खदान बंद कराने के लिए व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता भूपेश शर्मा, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सिंह, जिला पंचायत सदस्य शांति मनमोहन चौधरी, जनपद सदस्य एवं वन सभापति चंद्र कुमार तिवारी सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व जनपद सदस्य राजबहोर चंद्रा तथा सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार अखिलेश त्रिपाठी ने प्रभावित ग्रामीणों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

मुख्यालय में धूल खा रही रोजगार की फाइलें

आंदोलनकारियों का आरोप है कि भू-विस्थापित परिवारों की रोजगार संबंधी फाइलें लंबे समय से मुख्यालय में लंबित हैं। जमीन अधिग्रहण के बाद भी पात्र परिवारों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार अधिकारियों से मुलाकात और आश्वासन मिलने के बावजूद जमीनी स्तर पर कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया है।

मुआवजा और पुनर्वास पर भी नाराजगी

प्रभावित परिवारों का कहना है कि जमीन अधिग्रहण के बाद उनके अधिकारों का समय पर निराकरण होना चाहिए। मकान, मुआवजा, पुनर्वास और रोजगार से जुड़े लंबित प्रकरणों पर प्रबंधन को गंभीरता दिखानी चाहिए। आखिर कब तक प्रभावित परिवार अपने ही अधिकारों के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाते रहेंगे?

राजस्व महाप्रबंधक को बदलने की मांग

आंदोलनकारियों ने राजस्व महाप्रबंधक बी.के. लाल की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए उन्हें पद से बदलने की मांग भी उठाई है। उनका कहना है कि प्रभावित ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से होना चाहिए और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए।

एक सप्ताह बाद आर-पार की लड़ाई

सामाजिक कार्यकर्ता भूपेश शर्मा सहित सभी प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया है कि अब केवल आश्वासन से काम नहीं चलेगा। एक सप्ताह के भीतर रोजगार, मुआवजा और पुनर्वास के लंबित मामलों पर ठोस कार्रवाई होनी चाहिए। ऐसा नहीं होने पर ग्रामीणों के साथ मिलकर आंदोलन तेज किया जाएगा तथा संपूर्ण खदान बंद कराने की चेतावनी दी गई है।

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या एसईसीएल प्रबंधन एक सप्ताह के भीतर प्रभावित परिवारों की समस्याओं का समाधान करेगा या फिर रामपुर बटुरा मेगा प्रोजेक्ट में एक बार फिर बड़ा आंदोलन देखने को मिलेगा? क्षेत्रवासियों की निगाहें अब प्रबंधन के अगले कदम पर टिकी हुई हैं।

— Akhilish Tripathi

स्थानीय

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान-2026: भीकनगाँव थाना परिसर एवं ग्राम अंजनगाँव में जनविश्वास शिविर आयोजित



• कलेक्टर श्री गुरु प्रसाद एवं पुलिस अधीक्षक श्री रविन्द्र वर्मा ने जनसंवाद कर समस्याओं के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

• एसपी ने किया भीकनगाँव थाने का आकस्मिक निरीक्षण, कलेक्टर ने युवा उद्यमी की इकाई का लिया जायजा और बामनाला में तत्काल करवाई सफाई

अंतर्गत भीकनगाँव विकासखंड के ग्राम अंजनगाँव एवं पुलिस थाना भीकनगाँव परिसर में जनविश्वास शिविरों का सफल आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य आमजन को एक ही स्थान पर विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाना, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना तथा जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण करना रहा।

थाना परिसर में एसपी ने की जनसुनवाई व आकस्मिक निरीक्षण

अभियान के तहत पुलिस थाना भीकनगाँव परिसर में विशेष शिविर आयोजित किया गया, जहाँ पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री रविन्द्र वर्मा ने सीधे शिकायतकर्ताओं से संवाद किया। उन्होंने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का नियमानुसार एवं समय-सीमा में निराकरण करने के सख्त निर्देश दिए। इसके साथ ही एसपी श्री वर्मा ने पुलिस थाना भीकनगाँव का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया।

अंजनगाँव शिविर में कलेक्टर ने किया जनसंवाद

ग्राम अंजनगाँव में आयोजित मुख्य शिविर में कलेक्टर श्री गुरु प्रसाद एवं पुलिस अधीक्षक श्री रविन्द्र वर्मा सहित जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। शिविर में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, खाद्य, शिक्षा, श्रम, सामाजिक न्याय, आयुष्मान भारत, आधार, समग्र ई-केवाईसी, रोजगार एवं स्वरोजगार सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। यहाँ नए आवेदनों के पंजीयन व दस्तावेज सत्यापन के साथ पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए गए। कलेक्टर श्री प्रसाद ने आमजन से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेते हुए नागरिकों को समय पर जांच व उपचार कराने के लिए प्रेरित किया। शिविर में 'उद्यम संवाद' के माध्यम से स्थानीय उद्यमियों को स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

युवा उद्यमी कुणाल सोनी की ऑयल मिल का निरीक्षण

भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद ने भीकनगाँव के सांगवी रोड स्थित युवा उद्यमी श्री कुणाल सोनी की 'शुद्धति ऑयल मिल' का निरीक्षण किया। एमबीए की डिग्री और 9 वर्षों के निजी क्षेत्र के अनुभव के बाद कुणाल ने उद्यानिकी विभाग की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा से 28 लाख 86 हजार 600 रुपये का ऋण लेकर डबल फिल्टर्ड शुद्ध मूंगफली तेल की इकाई स्थापित की है। इससे 3 से 4 श्रमिकों को नियमित रोजगार भी मिल रहा है। कलेक्टर ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया।

बामनाला में सड़क किनारे पड़ा कचरा तत्काल हटवाया

शिविर में जाते समय कलेक्टर श्री प्रसाद की नजर बामनाला में सड़क किनारे पड़े बदबूदार कचरे पर पड़ी। उन्होंने तत्काल संबंधित अधिकारियों को सफाई के निर्देश दिए, जिस पर अमल करते हुए सफाईकर्मियों ने कलेक्टर के वापस लौटने से पहले ही पूरे क्षेत्र को स्वच्छ कर दिया।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्राह्मणे, जिला पंचायत सीईओ श्री मिलिंद कुमार नागदेवे, एसडीएम श्री लोकेश छापरे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

— Rajkumar Kaithwas

सुरभि होम्स के दम्पति पर 20-25 करोड़ रुपये की ठगी, अयोध्या नगर पुलिस ने गिरफ्तारी



अयोध्या नगर पुलिस ने शुक्रवार रात दो साल से फरार चल रहे संदीप रमतानी और उनकी पत्नी संगीता रमतानी को गिरफ्तार किया। दोनों ने 'सुरभि होम्स' के नाम से फर्म चलाते हुए भोपाल के अयोध्या नगर, चूनाभट्टी और पंजाब के विभिन्न थानों में 15 धोखाधड़ी के मामले दर्ज कराए थे।

आरोपी लोगों को सस्ते मकान, प्लॉट और फ्लैट दिलाने या मल्टी बनाने में पार्टनर बनाने का झांसा देते थे। वे फर्जी दस्तावेजों के जरिए पीड़ितों की संपत्ति अपने नाम करवा लेते थे और बैंक अफसरों से साठगांठ कर पीड़ितों के नाम पर लोन पास करा लेते थे।

इंदू गोस्वामी के अनुसार आरोपियों ने मल्टी में साझेदार बनाने के नाम पर लगभग 4 करोड़ रुपये लिए और फर्जी साझेदारी डीड पर हस्ताक्षर कर बैंक से 1.50 करोड़ रुपये का लोन लिया। आशा गोस्वामी का दावा है कि 7,000 वर्गफीट के प्लॉट पर 50-50 प्रतिशत की साझेदारी में मल्टी बनाने की बात हुई थी, पर संदीप ने दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर मकान अपने नाम करा लिया, 38 लाख का लोन लिया और फर्जी डीड से पत्नी के नाम पर पावर ऑफ अटॉर्नी बनवाकर मकान दो अन्य लोगों को बेच दिया।

पुलिस ने अब तक दर्ज 15 मामलों के आधार पर आरोपी पर आरोप लगाकर उन्हें हिरासत में लिया है। बैंक अधिकारी अब पीड़ितों से लोन वसूली के लिए संपर्क कर रहे हैं। न्यायालय से आगे की सुनवाई की उम्मीद है।

— Munendra Prasad Patel

अपराध

पीड़ित ने 49,691 रुपये के बैंक खाते से निकासी पर एसपी से गुहार लगाई



अनूपपुर कोतमा जिले में साइबर ठगी का मामला सामने आया है ।

कोतमा तहसील के ग्रामचका निवासी आत्मा प्रसाद जायसवाल के भारतीय स्टेट बैंक खाते से 22 अक्टूबर 2026 को अज्ञात व्यक्ति ने रु. 49,691 रुपए निकाल लिए ।

पीड़ित ने इस मामले में पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर रकम वापस दिलाने की मांग की है ।

आत्मा प्रसाद जायसवाल पिता श्री राम जयसवाल ने बताया कि 22 अक्टूबर को दोपहर करीब 2:43 बजे उनके खाते से बिना अनुमति 49,691 का लेनदेन हुआ है ।

बैंक से जानकारी लेने पर पता चला कि यह रकम यूपीआई के माध्यम से धर्मेंद्र कुमार नाम के व्यक्ति के खाते में भेजी गई है । पिरिट ने बताएं कि वह इस व्यक्ति को नहीं जानता और ना ही उसने कोई भुगतान किया है ।

घटना के अगले दिन 23 अक्टूबर को पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक अनूपपुर को लिखित शिकायत समिति ।

जिसकी शिकायत क्रमांक 3299/2026/43936 मैं मामले की जांच कर दोषी के खिलाफ कार्यवाही करने और रकम वापस दिलाने की मांग की गई है ।

पीड़ित ने शिकायत के साथ आधार कार्ड बैंक पासबुक और लेनदेन का स्क्रीनशॉट भी जमा किया है साथी पुलिस ने जांच की कार्यवाही की जानकारी देने का अनुरोध किया है क्षेत्र में साइबर ठगी को लेकर चिंता बढ़ गई है अब पीड़ित को पुलिस और साइबर शाखा की कार्यवाही से रकम वापस मिलने की उम्मीद है ।

गठित की है और बैंक तथा पीड़ित के साथ समन्वय कर रहा है। पुलिस ने कहा कि वे अपराधी की पहचान कर के उसे न्याय के कटघरे में पेश करेंगे।

— Dinkar Kumar Mahara

अपराध

सिंगरौली के विंध्य नगर एनटीपीसी पावर प्लांट के गेट पर बम की सूचना पर सीआईएफ व बम स्क्वायड फोर्स मौके पर पहुंचे



सिंगरौली जिले के विंध्य नगर में स्थित एनटीपीसी पावर प्लांट के गेट पर बम की सूचना प्राप्त होते ही स्थानीय प्रशासन में अफरा-तफरी मच गया सीआईएफ और बम स्क्वायड फोर्स मौके पर पहुंचे

— Rajnish Kumar Pathak

स्थानीय

सिंगरौली के जियावन थाना क्षेत्र सरौधा दुआरी में देर रात भीषण सड़क दुर्घटना, 5लोग घायल



सिंगरौली जिले के जियावन थाना क्षेत्र के सरौधा दुआरी में देर रात एक भीषण सड़क दुर्घटना घटी।

सरौधा दुआरी, जो जियावन थाना क्षेत्र में स्थित है, इस दुर्घटना का स्थल बना।

इस दुर्घटना में पाँच लोगों को चोटें आईं।

— Rajnish Kumar Pathak

अपराध

नशे की दवाओं पर पुलिस का अचानक छापा: मेडिकल स्टोरों में हड़कंप



पुलिस ने नशे की दवाओं की तस्करी और दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से स्थानीय मेडिकल स्टोरों पर अचानक छापा मारा। इस कार्रवाई के दौरान कई दुकानों को जांच के तहत रोका गया, जिससे आसपास के व्यापारियों और ग्राहकों में आश्चर्य और हड़कंप उत्पन्न हुआ।

छापे की अचानक प्रकृति ने स्टोर मालिकों को अचंभित कर दिया और कई लोगों ने पुलिस के कदमों को लेकर प्रश्न उठाए। अधिकारियों ने बताया कि यह कदम नशे की दवाओं की अनियंत्रित बिक्री को रोकने के लिए आवश्यक था।

पुलिस ने कहा कि आगे भी ऐसे ही छापे जारी रखे जाएंगे ताकि नशे की दवाओं की अवैध आपूर्ति को जड़ से समाप्त किया जा सके।

— Arvind sen

सिंगरौली पुलिस ने जयंत हत्याकांड में 6 आरोपी गिरफ़्तार किए



सिंगरौली पुलिस ने जयंत हत्याकांड से जुड़े छह आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए व्यापक कार्रवाई की। यह कार्रवाई स्थानीय स्तर पर हुई और पुलिस ने सभी संदेहियों को एक ही बार में पकड़ लिया।

जांच के दौरान मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने कई स्थानों पर छापेमारी की और सबूत इकट्ठा किए। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी को अपराध स्थल से जुड़े साक्ष्य और गवाहों के बयान के आधार पर पकड़ा गया।

पुलिस ने बताया कि अब इस मामले की आगे की जांच जारी रहेगी और सभी आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया के तहत पेश किया जाएगा।

— Rajnish Kumar Pathak

राजनीति

कांग्रेस पर्यवेक्षक जगतपाल ने ग्राम खांडा की चौपाल में भाजपा पर ‘मोदानी कंपनी’ का आरोप



ग्राम खांडा की चौपाल में ‘वोट बचाओ–देश बचाओ’ अभियान के अंतर्गत आयोजित सभा में राजनीतिक माहौल गरम हो गया।

कांग्रेस पर्यवेक्षक जगतपाल ने सभा के दौरान भाजपा को ‘मोदानी कंपनी’ कहकर तीखा हमला किया, यह कहा कि भाजपा की नीतियों ने जनता के हितों को नुकसान पहुँचाया है।

जगतपाल ने भाजपा को वोट बचाने के बजाय देश को बचाने के लिये अपनी नीतियों में बदलाव करने का आह्वान किया।

इस बयान ने स्थानीय स्तर पर तीखी चर्चा को जन्म दिया, जबकि भाजपा के प्रतिनिधियों ने अभी तक कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं दी।

यह घटना आगामी चुनावी माहौल में दोनों दलों के बीच प्रतिस्पर्धा को और तीव्र कर सकती है।

अनूपपुर। जिले के ग्राम खांडा में कांग्रेस के वोट बचाओ–देश बचाओ अभियान के तहत आयोजित चौपाल कार्यक्रम में कांग्रेस पर्यवेक्षक भाई जगतपाल ने भारतीय जनता पार्टी पर जोरदार राजनीतिक हमला बोला। अपने संबोधन में उन्होंने भाजपा को ‘मोदानी कंपनी’ बताते हुए ऐसा बयान दिया, जिसने कार्यक्रम के दौरान सियासी माहौल को गरमा दिया।


चौपाल को संबोधित करते हुए जगतपाल ने भाजपा की राजनीतिक कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए उसे आम जनता और लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़े मुद्दों पर घेरने का प्रयास किया। उन्होंने ‘वोट बचाओ–देश बचाओ’ अभियान के माध्यम से लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा को लेकर कांग्रेस की बात रखी।

ग्राम खांडा में आयोजित इस चौपाल कार्यक्रम का उद्देश्य आम लोगों के बीच पहुंचकर लोकतांत्रिक अधिकारों, मतदाता सूची और वोट की अहमियत को लेकर जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम में कांग्रेस पर्यवेक्षक जगतपाल के बयान ने राजनीतिक बहस को नया विषय दे दिया।

अब सवाल यह है कि ‘वोट बचाओ–देश बचाओ’ अभियान के तहत कांग्रेस का यह सियासी हमला क्षेत्र की राजनीति में कितना असर छोड़ेगा?

— Dinkar Kumar Mahara

सरकारी अस्पतालों में दवा संकट, आयुष्मान कार्डधारकों को भी खुद खर्च करना पड़ेगा



सरकारी अस्पतालों में दवाओं की गंभीर कमी ने मरीजों के जीवन को खतरे में डाल दिया है। कई रोगी आवश्यक दवाओं के अभाव के कारण इलाज में बाधा का सामना कर रहे हैं।

आयुष्मान कार्डधारकों को भी अब निजी फार्मेसियों से दवाइयाँ खरीदनी पड़ रही हैं, जिससे उन्हें अपनी जेब से खर्च उठाना पड़ रहा है। यह स्थिति स्वास्थ्य सुरक्षा के मूल सिद्धांतों के विपरीत है।

माकपा के अनुसार, गरीब जनता को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है—पहले दवा की कमी, फिर निजी खर्च का बोझ। उन्होंने त्वरित उपायों की मांग की है।

स्वास्थ्य प्राधिकरणों से अपील की गई है कि वे दवा आपूर्ति को सुदृढ़ करें और आयुष्मान कार्डधारकों को बिना अतिरिक्त खर्च के आवश्यक उपचार प्रदान करें।

मरीजों से अनुचित वसूली पर रोक लगाई जाए।

6. गरीब मजदूरों, किसानों और आम नागरिकों को सरकारी अस्पतालों में मुफ्त एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार की गारंटी दी जाए।

माकपा ने चेतावनी दी है कि गरीब जनता के स्वास्थ्य के साथ किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकारी अस्पतालों में दवाइयों का संकट तत्काल दूर किया जाए, अन्यथा इस जनविरोधी स्वास्थ्य व्यवस्था के खिलाफ व्यापक जनआंदोलन खड़ा किया जाएगा।

सवाल सीधा है—जब सरकारी अस्पतालों में दवाइयां ही नहीं मिलेंगी और आयुष्मान कार्डधारकों को भी अपनी जेब से खर्च करना पड़ेगा, तो गरीब जनता आखिर जाए तो जाए कहां?

— Dinkar Kumar Mahara

अपराध

राजनगर पुलिस ने चोला मंडलम फाइनेंस की मनमानी पर दो हाईवा वाहन जब्त किए



राजनगर पुलिस ने चोला मंडलम फाइनेंस कंपनी की मनमानी पर कार्रवाई करते हुए दो हाईवा वाहन जब्त किए। ये वाहन 4 जुलाई 2026 को कथित तौर पर जबरन उठाए गए थे।

पुलिस ने लंबी मशक्कत के बाद मनेंद्रगढ़ यार्ड से इन वाहनों को बरामद किया। इस दौरान कंपनी के प्रतिनिधियों से पूछताछ की गई।

राजनगर पुलिस ने बताया कि वाहन की जब्ती के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी और कंपनी को अपने वित्तीय लेन-देनों में पारदर्शिता बरतने का निर्देश दिया गया।

अनूपपुर। चोला मंडलम फाइनेंस कंपनी की कार्यप्रणाली को लेकर सामने आए मामले में अब पुलिस ने कार्रवाई की है। दिग्विजय सिंह की दो हाइवा वाहनों को 4 जुलाई 2026 को कथित तौर पर अवैध तरीके से उठाकर छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ स्थित यार्ड में रख दिया गया था। वाहन मालिक का आरोप है कि फाइनेंस कंपनी के लोगों ने दबाव और गुंडागर्दी करते हुए दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लिया था।

समय तक मशक्कत करनी पड़ी। लगातार प्रयासों और शिकायत के बाद आखिरकार राजनगर पुलिस ने आज मनेंद्रगढ़ यार्ड में रखे दोनों हाइवा वाहनों को अपने कब्जे में लेकर जप्त कर लिया। मामले में आपराधिक प्रकरण दर्ज किए जाने के बाद पुलिस की आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

फाइनेंस कंपनी की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

इस घटनाक्रम ने फाइनेंस कंपनियों द्वारा ऋण वसूली के नाम पर अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर किस अधिकार से किसी वाहन को कथित तौर पर जबरन उठाकर दूसरे राज्य के यार्ड में रखा गया? क्या वाहन जब्ती के दौरान निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का पालन किया गया था?

फिलहाल राजनगर पुलिस द्वारा दोनों हाइवा वाहनों को जप्त किए जाने के बाद मामले ने नया मोड़ ले लिया है। अब देखना होगा कि जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं और संबंधित फाइनेंस कंपनी के जिम्मेदार लोगों पर आगे क्या कार्रवाई होती है।

— Dinkar Kumar Mahara

मुंगावली में कबाड़ की दुकान में लगी भीषण आग, आसपास के मकान कराए जा रहे खाली



अशोकनगर नगर /मुंगावली के माता मंदिर के पास स्थित एक कबाड़ की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी भयानक है कि इसकी ऊंची लपटें और धुएं का गुबार कई किलोमीटर दूर से ही दिखाई दे रहा है। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई है।


आग की विकरालता और इसके आसपास के रिहायशी इलाकों में फैलने की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने तुरंत मोर्चा संभाल लिया है। एहतियात के तौर पर दुकान के आसपास स्थित मकानों को खाली कराया जा रहा है, ताकि किसी भी तरह की जनहानि को रोका जा सके।

सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां और बचाव दल मौके पर पहुंच गए हैं। दमकलकर्मी लगातार पानी की बौछार कर आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। कबाड़ में प्लास्टिक और अन्य ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग तेजी से भड़क रही है, जिससे बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।

घटनास्थल पर पुलिस और स्थानीय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद हैं।

— Arvind sen

देवउठनी ग्यारस में तुलसी माता शालिग्राम का भव्य विवाह समारोह



देवउठनी ग्यारस के ग्राम पलोहा छोटा में आज तुलसी माता शालिग्राम के देवता का विवाह बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

समारोह में बारात निकाली गई, सभी रीति-रिवाजों का पालन किया गया और ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

ग्रामवासी ने विभिन्न प्रकार के योगदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया और इस पावन अवसर को यादगार बनाया।

— Amit Kumar Raghuwanshi

धर्म

देवउठनी ग्यारस के अवसर पर ग्राम पलोहा छोटा में शालिग्राम भगवान एवं तुलसी माता की वैवाहिक समारोह



आज देवउठनी ग्यारस के पावन अवसर पर ग्राम पलोहा छोटा में शालिग्राम भगवान एवं श्री तुलसी माता का वैवाहिक समारोह आयोजित किया गया। सभी भक्तों ने मिलजुल कर इस पावन कार्यक्रम में भाग लिया।

समारोह में बरात निकली, नृत्य और संगीत के साथ पारम्परिक रीति-रिवाज़ों का पालन किया गया। शालिग्राम भगवान और तुलसी माता की शादी की सभी रस्में पूर्णतया संपन्न हुईं।

ग्राम के सभी माताओं, बहनों, भाइयों और अन्य उपस्थित लोगों ने बड़े हर्ष और उल्लास के साथ इस आयोजन का आनंद उठाया। इस विशेष अवसर ने ग्रामवासियों में एकजुटता और आध्यात्मिक भावना को प्रबल किया।

— Amit Kumar Raghuwanshi

भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं



मोहन यादव के ब्यौहारी आगमन पर भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने किया विरोध 9 लोगों को हुई जेल

दिनांक 16 नवंबर 2026 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय मोहन यादव जी के ब्यौहारी आगमन पर भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी एवं भीम आर्मी स्टूडेंट फेडरेशन के माध्यम से क्षेत्र की पांच प्रमुख जनसमस्याओं को लेकर आवाज उठाई गई।

इन सभी मुद्दों पर पूर्व में भी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से शासन-प्रशासन को आवेदन, ज्ञापन एवं निवेदन दिए जा चुके थे, लेकिन बार-बार मांग उठाने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। इसी के चलते 16 नवंबर को निम्नलिखित पांच प्रमुख मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

1. स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की मांग

मध्य प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था लगातार बदहाल होती जा रही है। सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मचारियों एवं दवाइयों की कमी है। जांच और उपचार की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार समय पर उपचार नहीं मिलने के कारण लोगों की जान तक चली जाती है। सरकार से मांग है कि प्रत्येक सरकारी अस्पताल में पर्याप्त डॉक्टर, स्टाफ, दवाइयां एवं जांच की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

2. शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग

ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की कमी, मध्यान्ह भोजन की अनियमितता, जर्जर भवन एवं बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। इसके साथ ही कुछ स्थानों पर जातिगत भेदभाव की शिकायतें भी सामने आती हैं। शिक्षा प्रत्येक बच्चे का अधिकार है, इसलिए विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं समानता का वातावरण सुनिश्चित किया जाए।

3. रोजगार की व्यवस्था की मांग

प्रदेश के युवाओं के लिए पर्याप्त रोजगार के अवसर उपलब्ध नहीं हैं। बेरोजगारी के कारण युवा वर्ग पलायन करने को मजबूर है। इसका सीधा प्रभाव गरीब और मजदूर परिवारों की आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा है। सरकार युवाओं के लिए रोजगार के पर्याप्त अवसर एवं स्थानीय स्तर पर रोजगार की व्यवस्था सुनिश्चित करे।

4. पिछड़ा वर्ग के 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग

मध्य प्रदेश में पिछड़ा वर्ग के 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग लंबे समय से उठाई जा रही है। पिछड़ा वर्ग के अधिकारों एवं प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखते हुए 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग की गई।

5. ब्यौहारी को जिला बनाने की मांग

उपरोक्त सभी समस्याओं के समाधान एवं क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए ब्यौहारी को जिला बनाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। ब्यौहारी लंबे समय से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं प्रशासनिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का सामना कर रहा है। इसलिए ब्यौहारी को जिला घोषित करने की मांग की गई।

आंदोलन के बाद 9 कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी

इन जनहित की मांगों को लेकर आवाज उठाने के बाद भीम आर्मी के 9 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। कार्यकर्ताओं को जमानत मिलने में भी काफी समय लगा। इस घटनाक्रम को लेकर संगठन एवं समर्थकों ने कड़ी आपत्ति जताई।

अंततः साथियों, जब तक बहुजन, मूलनिवासी, आदिवासी, पिछड़ा एवं वंचित समाज के लोग अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर आवाज नहीं उठाएंगे, तब तक शासन-प्रशासन तक उनकी समस्याओं की गंभीरता नहीं पहुंचेगी।

हमारे साथियों ने जनहित के पांच महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर आवाज उठाई और संघर्ष किया। साथियों एवं समाज के लोगों के निरंतर सहयोग और प्रयासों के बाद हमारे क्रांतिकारी साथियों की जमानत का रास्ता साफ हुआ और वे जेल से बाहर आए।

हमारा संघर्ष किसी व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आरक्षण और क्षेत्र के विकास जैसे बुनियादी अधिकारों के लिए है।

— Manjur Mansoori Saif Khan

शिक्षा

मिशन बेंचमार्क से सरकारी स्कूलों में बढ़ रही सुविधाएं, जनसहयोग से रावत पलासिया स्कूल को मिले 60 सेट टेबल-बेंच

कलेक्टर श्री प्रसाद की पहल को मिल रहा व्यापक जनसमर्थन, 120 विद्यार्थियों को मिलेगी बैठकर पढ़ाई की सुविधा

खरगोन 19 नवंबर 2026। जिले के शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री गुरु प्रसाद की पहल पर संचालित मिशन बेंचमार्क अब जनसहभागिता का व्यापक अभियान बनता जा रहा है। इस पहल से प्रेरित होकर जिले के समाजसेवी, नागरिक, संस्थाएं और विभिन्न विभाग आगे आकर विद्यालयों में फर्नीचर सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहयोग कर रहे हैं।

इसी कड़ी में आज विकासखंड बड़वाह के माध्यमिक विद्यालय रावत पलासिया में खाद्य विभाग की पहल पर गैस एजेंसियों एवं सेल्समैनों के जनसहयोग से 120 विद्यार्थियों के लिए 60 सेट टेबल-बेंच दान किए गए। इस सहयोग से विद्यार्थियों को अब कक्षाओं में व्यवस्थित रूप से बैठकर अध्ययन करने की सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर जिला आपूर्ति अधिकारी श्री एच.एस. मुवेल, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी बड़वाह श्री अमिताभ शुक्ला, गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि श्री नाहरसिंग सोलंकी एवं श्री अजय कर्मा, सेल्समैन प्रतिनिधि श्री शिव कुमार सावनेर, श्री शांतिलाल कम्पवात, श्री राधेश्याम चोयल, श्री जीवन एवं श्री भगवान उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि श्री अनिल तंवर, श्री संजय खंडे, श्री रामेश्वर तंवर, श्री अनिल योगी, श्री रामेश्वर मंडलोई एवं श्री प्रेम सिंह नागर सहित विद्यालय के विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

जनसहयोग से शिक्षा के लिए बेहतर वातावरण

मिशन बेंचमार्क के माध्यम से जिले में शासकीय विद्यालयों की बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री गुरु प्रसाद की इस पहल ने समाज के विभिन्न वर्गों को शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने के लिए प्रेरित किया है। रावत पलासिया विद्यालय में मिला यह सहयोग इस बात का उदाहरण है कि प्रशासन के प्रयासों के साथ जनभागीदारी जुड़ जाए तो शासकीय विद्यालयों में सकारात्मक बदलाव लाना संभव है।

— Rajkumar Kaithwas



मिशन बेंचमार्क से सरकारी स्कूलों में बढ़ रही सुविधाएं, जनसहयोग से रावत पलासिया स्कूल को मिले 60 सेट टेबल-बेंच